# <u>राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र हरियाणा में राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम" के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में समारोह</u>

श्री बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा 7 नवंबर 1875 (अक्षय नवमी) के शुभ अवसर पर लिखा गया भारत का राष्ट्रीय गीत **वंदे मातरम**, इस वर्ष 2025 में 150 वर्ष पूरा कर रहा है।

राष्ट्रीय गीत **वंदे मातरम**, भारत की एकता और आत्म-सम्मान की भावना की अभिव्यक्ति करता है और मातृभूमि के प्रति यह हमारी भक्ति एवं प्रतिबद्धता का प्रतीक है ।

इसके ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने पर देश भर में आयोजित होने वाले समारोह का उद्घाटन 7 नवंबर 2025 को किया गया ।

राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र हरियाणा के राज्य केंद्र एवं सभी ज़िला केंद्रों में पदस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों ने इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का राष्ट्र के प्रति सम्बोधन लाइव टेलिकास्ट के माध्यम से सुना ।

इसके उपरांत वी सी के माध्यम से जुड़े राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र हरियाणा के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों ने राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के महानिदेशक श्री अभिषेक सिंह (आईएएस) की अगुवाई में पूरे जोश और उल्लास के साथ राष्ट्रीय गीत **वंदे मातरम** गाया और राष्ट्रीय गीत की महिमा को उजागर किया।

**कार्यक्रम की कुछ झलकियाँ:-**




NIC




3933170317
164.100.174.44##3933170317
Convention Hall-New Delhi